nt>
**Title:** Need to clarify the reply during Question Hour regarding railway line project to connect Chandigarh and Ludhiana.

श्री बैटा सिंह (जलौर): सभापति जी, आज के प्रश्न संख्या ४२३ के उत्तर में जो नई परियोजनाएं रेल मंत्री जी ने घेषित की हैं, उनका ब्यौरा दिया है । मैं उनको पढ़कर बहुत दुखी हूं। एक परियोजना चंडीगढ़ से लुधियाना तक रेलवे लाइन बिछाने की १९९६-९७ में मंजूर की गई थी उसका इसमें कहीं नाम नहीं है। मुझे ऐसा लगता है कि उसको छोड़ दिया गया है । मैं सरकार से पूछना चाहता हूं और जानना भी चाहूंगा कि क्या उस परियोजना को निलंबित किया गया है या त्याग दिया गया है? यदि त्याग दिया गया है, तो क्या कारण है क्योंकि इसी सदन में वह पास हुई थी । जो पंजाब के सदस्य अभी यहां बैठे हैं वे उस समय भी यहां थे । मैं जानना चाहता हूं कि किस कारण से पंजाब की वह रेल परियोजना जो लुधियाना को चंडीगढ़ से मिलाने के लिए पास हुई थी, उसके लिए बजट नहीं रखा गया? उसको क्यों ड़ाप किया गया है? यदि यह कोई भूत है, तो उसकी दुरूस्ती की जाए । यदि भूल नहीं है, तो सदन को बताया जाए कि वह योजना क्यों छोड़ दी गई है ?

श्री नरेन्द्र बुडानिया (चरू): सभापति महोदय, मुझे सिर्फ एक मिनट का समय दिया जाए। मैं किसानों से संबंधित बहुत ही महत्वपूर्ण मामला सदन में उठाना चाहता हूं।

सभापति महोदय : अभी नहीं । पहले लिस्ट के नामों को पूरा हो जाने दें। चूंकि आप किसानों का मामला उठाना चहते हैं । इसलिए मैं आपको समय अवश्य दूंगा ।